>

Title: Regarding speeding up of Rail line work in Rajsamand, Rajasthan.

सुश्री दिया कुमारी : बहुत-बहुत धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र राजसमन्द व राजस्थान प्रदेश के लोगों की एक बहुत समय से लंबित मांग की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र राजसमन्द मेवाड़ और मारवाड़ को जोड़ता है । यह बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है । इस लोक सभा क्षेत्र में मावली से मारवाड़ को जोड़ने के लिए जो रेलमार्ग है वह भारत का सबसे पुराना रेलमार्ग है । हमारी सरकार ने इस ओर ध्यान देकर वर्ष **2017-18** के बजट में इस रेलमार्ग के गेज़ कन्वर्जन का काम स्वीकृत भी किया था तथा इसके लिए **1600** करोड़ रुपये का बजट भी सैंक्शन किया गया था, जिसको अगले वर्ष बढ़ाकर **2600** करोड़ रुपये कर दिया गया ।

महोदय, इस कार्य के लिए डी.पी.आर. का कार्य प्रगति पर आया, लेकिन यह रेलमार्ग टॉडगढ़ वन क्षेत्र से आया । यह रेलमार्ग टॉडगढ़ वन क्षेत्र से होकर गुजरता है, इसलिए डी.पी.आर. को बनाने के लिए वन विभाग की ओर से आपत्तियां उठाई जा रही हैं, इस कारण यह कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । इस समय तो यह कार्य बिल्कुल ही रुका हुआ है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी और पर्यावरण मंत्री जी से आग्रह है कि वे जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे कि राजसमंद ही नहीं, बल्कि भीलवाड़ा, पाली, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित आधे राजस्थान राज्य के यात्रियों और लाखों की संख्या में श्रीनाथ जी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे की सुविधाओं का लाभ मिल सके । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को सुश्री दिया कुमारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।